हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 31 जनवरी 2026


04 मंडी में बंपर आवक, इस साल दो लाख हेक्टेयर...



07 बापू की पुण्यतिथि पर इटारसी की 'सेवा' का...





## खबर संक्षेप

### तिलक भवन में 3 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 2 फरवरी से

**नर्मदापुरम।** सेठानी घाट स्थित तिलक भवन में तीन दिवस फोटो प्रदर्शनी 2 फरवरी से आरंभ होगी। जानकारी के अनुसार फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ 2 फरवरी प्रातः 11 बजे होगा। कार्यक्रम में समेरिटंस विद्यालय की प्राचार्य प्रेरणा रावत और सीवी रमन कालेज के डायरेक्टर विवेक भदौरिया मुख्य अतिथि होंगे, जबकि समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा विशेष अतिथि होंगे। कार्यक्रम वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी एसोसिएशन दिल्ली द्वारा न्यू इमेज क्लब इटारसी के सहयोग से किया जा रहा है।

### शहीद दिवस पर जिपं में हुआ मौन धारण



**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को शहीद दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में मौन धारण किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए जिला पंचायत परिसर में 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन सहित जिला पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ खड़े होकर महात्मा गांधी के विचारों और उनके बलिदान को नमन किया।

### बस स्टैंड पर सुविधाओं के लिए प्रपोजल बनाकर भेजा गया

# हालात: 200 बसें, 2000 यात्री-सुविधाएं शून्य, गंदगी-शराब-अराजकता का राज

**संभाग मुख्यालय का बस स्टैंड यात्रियों को सुविधाएं नहीं दे पा रहा है। बस स्टैंड से प्रतिदिन करीब 200 बसों का संचालन होता है और डेढ़ से दो हजार यात्री सफर करते हैं। लेकिन प्रतीक्षालय अब गंदगी, बदबू और उपेक्षा का प्रतीक बन चुका है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभाग मुख्यालय का प्रमुख बस स्टैंड प्रशासनिक लापरवाही और सिस्टम की नाकामी का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। जिस बस स्टैंड से प्रतिदिन करीब 200 बसों का संचालन होता है और डेढ़ से दो हजार यात्री सफर करते हैं, वहां न तो साफ-सफाई है, न सुरक्षा और न ही बुनियादी यात्री सुविधाएं। बस स्टैंड परिसर में पहले मौजूद टिकट काउंटर को हटाकर यात्री प्रतीक्षालय तो बना दिया गया, लेकिन यह प्रतिक्षालय अब गंदगी, बदबू और उपेक्षा का प्रतीक बन चुका है। फर्श पर कचरा, दीवारों पर पान-गुटखा और कोनों में जमी गंदगी इस बात की गवाही देती है कि यहां महीनों से झाड़ू तक नहीं लगी। इस संबंध नपाध्यक्ष नीतू यादव का कहना है बस स्टैंड का प्रपोजल बनाकर भेजा है।



**मजाक बनी पेयजल व्यवस्था, टोंटी के भरोसे पानी**

पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा भी बस स्टैंड पर मजाक बनकर रह गई है। यात्रियों के लिए मात्र दो नल की टोटियां लगाई गई हैं, जिनसे कभी पानी आता है तो कभी नहीं। मजबूरी में यात्रियों को 20 रुपये लीटर के हिसाब से पानी खरीदने पर मजबूर होना पड़ता है। यह खुलेआम यात्रियों की जेब पर डाका नहीं तो और क्या है?

### आसपास होटल संचालक फेंकते हैं जूठन

रात होते ही बस स्टैंड का चेहरा और भयावह हो जाता है। आसपास के होटल संचालक ग्राहकों की जूठन, प्लास्टिक की प्लेटें, डिस्पोजल और कचरा बस स्टैंड परिसर में फेंककर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। नतीजा-पूरे परिसर में सड़ांध और गंदगी का अंबार। सबसे शर्मनाक और खतरनाक स्थिति तब बनती है जब रात में अवैध शराब माफिया बस स्टैंड को अपना अड्डा बना लेते हैं। कोनों और कचरे के ढेरों के पास खुलेआम शराब पी जाती है, नशे में धुत लोग गाली-गलौज, हुड़दंग और अभद्र व्यवहार करते हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों के लिए बस स्टैंड असुरक्षित क्षेत्र बन चुका है।

### हालातों पर चुप्पी क्यों

बस संचालक संजय शिवहरे का कहना है कि होटल वाले जूठन फैंकते हैं, नलों में पानी नहीं आता, व्यवस्था विहीन बस स्टैंड के दिन कब सुधरेंगे यह कहा नहीं जा सकता। इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद प्रशासन, नगर पालिका और परिवहन विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या संभाग मुख्यालय का बस स्टैंड यात्रियों की सेवा के लिए है या फिर गंदगी, अवैध गतिविधियों और अराजकता का खुला मैदान बन चुका है? अगर यही हाल रहा तो किसी बड़ी घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा

# बाहरी संगठनों पर रोक, स्कूली बच्चों की भीड़ जुटाना प्रतिबंधित

**पीएसए का कड़ा फैसला, दबाव बनाया तो होगी शिकायत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने छात्र हित और शिक्षा की मर्यादा को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। नमक रेस्टोरेंट में आयोजित संगठन की विशेष बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि अब किसी भी बाहरी संस्था या संगठन के कार्यक्रमों में स्कूली छात्र-छात्राओं को नहीं भेजा जाएगा। संघ ने दो टूक कहा है कि बच्चों का समय पढ़ाई के लिए है, न कि राजनीतिक या सामाजिक आयोजनों की भीड़ बढ़ाने के लिए।

### दबाव की राजनीति पर जताई चिंता

बैठक में स्कूल संचालकों ने साझा किया कि अक्सर कतिपय संगठनों द्वारा विभिन्न आयोजनों के नाम पर स्कूलों से सहयोग मांगा जाता है और बच्चों को भेजने के लिए दबाव बनाया जाता है। संघ ने निर्णय लिया है कि यदि भविष्य में कोई संगठन इस तरह का अनुचित दबाव बनाता है, तो स्कूल प्रबंधन सीधे एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे।

### बैठक के मुख्य निर्णय

5 वीं-8वीं बोर्ड का विरोध : संघ ने मांग उठाई है कि प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर पर कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित नहीं की जानी चाहिए। स्कूलों की आर्थिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए परीक्षा से पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी की फीस जमा होना अनिवार्य करने पर जोर दिया गया। शिक्षा के अधिकार के तहत बच्चों की जानकारी पोर्टल पर लॉक करने की नई व्यवस्था और उसमें आ रही तकनीकी विसंगतियों पर सदस्यों ने विचार साझा किए। शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा के साथ-साथ संघ ने आगामी दिनों में जनहित के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का भी संकल्प लिया। बैठक जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक शिव भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर जाफर सिद्दीकी, दीपक अग्रवाल, नटवर पटेल, प्रदीप जैन, नीलेश जैन, मंजू ठाकुर, श्वेता वशिष्ठ, रितेश शर्मा आदि शामिल थे।

# मोबाइल बना साइबर ठगों का हथियार

**एपीके फाइल से सावधान!, नर्मदापुरम पुलिस ने जारी की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मनोरंजन और समय बिताने के साधन के रूप में शुरू हुआ मोबाइल का यह शौक अब बच्चों से लेकर युवा व बुजुर्ग के लिए भारी पढ़ रहा है। दिनचर्या में शामिल होने से मोबाइल अपराध की श्रेणी में भी आ गया है। इन दिनों साइबर ठग सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी फाइलें भेज रहे हैं जो आपका बैंक खाता तक मिनटों में खाली कर देते हैं। ऐसे में नर्मदापुरम पुलिस सतर्कता बरतते हुए आमजनों से अपील कर रही है कि साइबर अपराधियों ने ठगी के नए तरीके अपनाएं हैं। जिनसे आपको बचना है। जिसमें मुख्य रूप से अपराधी वाट्सएप पर आरटीओ चालान, एपीके, वाहन चालान, इनविटेशन कार्ड, एसबीआई योनो या अन्य सरकारी योजनाओं के नाम पर एपीके फाइलें भेजकर मोबाइल हैक कर रहे हैं।




### साइबर ठगी का तरीका

पुलिस के अनुसार, जब कोई व्यक्ति इन एपीके फाइलों को डाउनलोड या इंस्टॉल करता है, तो मोबाइल हैक हो जाता है और अपराधी बैंकिंग ऐप, ओटीपी, एसएमएस और कॉन्टैक्ट तक पहुंच प्राप्त कर लेते हैं। इसके बाद खाते से ऑटोमेटिक पैसे निकाल लिए जाते हैं।

**सावधानियां**

- वाट्सएप, एसएमएस या ई-मेल पर आई अनजान एपीके फाइलें डाउनलोड या इंस्टॉल न करें।
- आरटीओ चालान, वाहन चालान या बैंक लिंक पर कभी क्लिक न करें।
- ऐप केवल गूगल प्ले स्टोर से ही इंस्टॉल करें।
- मोबाइल में अज्ञात स्त्रोतों से इंस्टॉलेशन की अनुमति देने के लिए, सेटिंग्स > ऐप्स > विशेष ऐप एक्सेस > न चालू करें।
- एपीके इंस्टॉल हो जाने पर तुरंत अनइंस्टॉल करें।
- मोबाइल में एंटी-वायरस/सिक्योरिटी ऐप अपडेट रखें।

# खनिज अधिकारी ने पकड़े अवैध रेत परिवहन करते चार ट्रैक्टर ट्राली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिला मुख्यालय से आए खनिज अधिकारी केके परस्ते ने शुक्रवार को सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन करते चार ट्रैक्टर ट्राली पकड़े हैं।

चारों ट्रैक्टर सोहागपुर थाने में खड़े किए गए हैं। सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई गणेश राय ने बताया कि दो ट्रैक्टर ट्राली ग्राम गूजरखेड़ी के समीप से तथा दो ट्रैक्टर ट्राली ग्राम कोहानी के समीप से पकड़े गए हैं। इन सभी में रेत भरी हुई थी। चारों ट्रैक्टर ट्राली पुलिस की अभिरक्षा में सोहागपुर थाने में खड़े किए गए हैं। हरिभूमि ने मामले में खनिज अधिकारी परस्ते से चर्चा का प्रयास किया, लेकिन शुक्रवार रात सवा सात बजे तक अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क नहीं हो सका था। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर क्षेत्र में अवैध रेत का उत्खनन एवं परिवहन इन दिनों जोरों पर जारी है। जिस पर प्रशासन रोक नहीं लगा पा रहा है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू

**बिना अनुमति प्रवेश, सभा, जुलूस और रैली पर पूर्ण प्रतिबंध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर कार्यालय परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री राजीव रंजन पाण्डेय द्वारा यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1)(3) के अंतर्गत जारी किया गया है।

### ज्ञापन देने के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य

आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति या संगठन बिना पूर्व अनुमति कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। ज्ञापन सौंपने की अनुमति केवल अधिकतम पांच व्यक्तियों को दी जाएगी, जिनके नाम, पते एवं मोबाइल नंबर पूर्व में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अनुमत व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य का प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। बिना पुलिस को सूचना एवं सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी) की पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस या वाहन रैली आयोजित करना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

कलेक्टर कार्यालय परिसर में हथियार, लाठी-डंडा, पत्थर, बारूद, पटाखे, पेट्रोल अथवा अन्य ज्वलनशील पदार्थ लाना सख्त वर्जित रहेगा। साथ ही भारी एवं व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।उल्लंघन पर होगी कठोर दंडात्मक कार्रवाईआदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा समूह के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### इन पर लागू नहीं होगा आदेश

यह आदेश शासकीय आयोजनों, कार्यक्रमों तथा कर्तव्य पर कार्यरत शासकीय सेवकों, पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों पर लागू नहीं होगा।आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसारअतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने निर्देशित किया है कि यह आदेश जनसाधारण की जानकारी हेतु जिले के सभी संबंधित कार्यालयों एवं पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से चस्पा किया जाए।

## शहीदों की स्मृति में कमिश्नर व कलेक्टर कार्यालय में 2 मिनट का मौन धारण



**नर्मदापुरम।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में आज 30 जनवरी को कमिश्नर एवं कलेक्टर कार्यालय में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। मौन धारण प्रातः 11 बजे से 11:02 बजे तक किया गया। इस दौरान, सायरन की आवाज से सूचना दी गई, जो 10:59 बजे से 11 बजे तक और समाप्ति के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक बजाया गया। मौन धारण के दौरान संभागायुक्त कार्यालय में कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, उपायुक्त विकास डीएन पटेल सहित कमिश्नर कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर अनिल जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित कलेक्टर कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए सेनानियों की स्मृति में मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया।

## मालाखेड़ी में दूध विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई, 10 नमूने जांच के लिए भेजे



**नर्मदापुरम।** शुद्ध और सुरक्षित दूध सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मालाखेड़ी क्षेत्र में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर यह अभियान शुक्रवार को आयोजित किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार और जितेंद्र सिंह राणा ने खुले दूध की जांच के लिए चलित खाद्य प्रयोगशाला का इस्तेमाल किया। कार्रवाई के दौरान गाय और भैंस के दूध के 10 नमूने संग्रहित किए गए।संग्रहित नमूनों को विस्तृत परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि आमजन को हमेशा शुद्ध और सुरक्षित दुग्ध उत्पाद मिल सकें।

## एक भारतीय आत्मा' को नर्मदापुरम के पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि पर गूंजी कविताएं

**नर्मदापुरम।** कलम के सिपाही और राष्ट्रप्रेम के पर्याय पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को नर्मदापुरम का पत्रकार जगत एक सूत्र में बंधा नजर आया। पीपल चौक स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के पत्रकार भवन में नर्मदांचल पत्रकार संघ द्वारा एक गरिमामयी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहाँ 'दादा' की विरासत और उनके आदर्शों को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नर्मदांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में माखनलाल जी के व्यक्तित्व की गहराईयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी पत्रकारिता सत्ता से सवाल करने और राष्ट्र को जगाने का माध्यम थी।

### 450 दुकानें व 19 झूलों का हुआ आवंटन, मेला लगते ही होगा शुभारंभ..

# संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा मेले की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल के संत श्रीरामजी बाबा के वार्षिक मेले को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है।

फरवरी की शुरुआत में लगने वाले इस ऐतिहासिक और आस्था से जुड़े मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस बार नगर पालिका ने मेले को अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़े स्तर पर बदलाव किए हैं।

### भीड़ नियंत्रण पर विशेष फोकस

नगर पालिका द्वारा इस वर्ष मेला स्थल गुप्ता ग्राउंड पर आंशिक बदलाव किए गए हैं। इसका उद्देश्य मेले में उमड़ने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करना और श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। जो आपात स्थितियों से निपटने में भी सहायक होगा।



### मनोरंजन के साधनों से मेले की रौनक और बढ़ेगी

शुक्रवार शाम तक नगर पालिका द्वारा करीब 450 दुकानों और 19 झूलों का आवंटन किया जा चुका है। दुकानों के आवंटन से व्यापारियों में उत्साह है, वहीं झूलों और मनोरंजन के साधनों से मेले की रौनक और बढ़ेगी।

### सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

नगर पालिका प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर भी व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन का दावा है कि इस वर्ष का श्री रामजी बाबा मेला अब तक का सबसे सुव्यवस्थित और भव्य मेला साबित होगा।

**मप्र, उप्र, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ व पंजाब, प्रदेशों की टीमें**

# सोहागपुर की पहचान 61 वां अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के कॉलेज मैदान पर आज से अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट प्रारंभ प्रारंभ होगा। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में सोहागपुर में यह आयोजन किया जाता है। इस बार वार्षिक कड़ी का 61 वां आयोजन होगा। आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि दशकों से सोहागपुर को हॉकी की नर्सरी के रूप में समूचे मध्य प्रदेश में जाना जाता है। हॉकी फेडरेशन से मान्यता प्राप्त यह टूर्नामेंट सोहागपुर शहर के उत्कृष्ट हॉकी कौशल की पहचान है। जिसका आयोजन आज शनिवार से प्रारंभ होगा। समिति सदस्यों ने बताया कि छह दिवसीय अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का समापन पांच फरवरी को होगा। शुक्रवार शाम तक खेल मैदान को डॉ. अरविंद सिंह चौहान खेल अकादमी अध्यक्ष हमीर सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में अश्विनी सरोज, सौरभ तिवारी, अभिनव पालीवाल, दिलीप परदेशी, पवन चौहान, अख्तर खान, अंकुश जायसवाल आदि ने तैयार किया है।



### आएंगी विभिन्न प्रदेशों की टीमें

आयोजन समिति संयोजक अश्विनी सरोज तथा सचिव पवन सिंह चौहान ने बताया कि टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश सहित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, केरल आदि प्रदेशों की टीम आएंगी। सभी टीमें अपने उत्कृष्ट हॉकी कौशल का प्रदर्शन करेंगी। आमंत्रित टीमों में नानापारा, सोनभद्र, अमरावती, नागपुर, भोपाल, जबलपुर, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, बरेली, इंदौर, सिवनी छपारा, सागर, इटारसी, कोच्चि केरल, उज्जैन, सोहागपुर, उमरिया, दुर्ग, राजनांदगांव आदि शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### सत्य, अहिंसा, प्रेम और मानवता के प्रतीक थे गांधी जीः डागा



**बैतूल।** जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार 30 जनवरी को कोठी बाजार गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जहां कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता को नमन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा, प्रेम और मानवता के प्रतीक थे। उनके विचार और आदर्श आज भी देश और समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी का जीवन हमें सत्य के मार्ग पर चलने, अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष करने और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने गांधी जी के आदर्शों को आत्मसात करने और सामाजिक सद्भाव, भाईचारे व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा, प्रदेश सचिव समीर खान, विधानसभा प्रभारी नारायण राव धोटे, सुभाष देशमुख, लवलेश बब्बा राठौर, पंचायती राज के राष्ट्रीय संयोजन ब्रजभूषण पांडे, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पा पेंद्राम, ब्लॉक कांग्रेस बैतूल शहर अध्यक्ष मनोज कालू आहूजा, पूर्व अध्यक्ष मोनू बडोनिया, प्रशांत राजपूत, विधानसभा यूंका अध्यक्ष प्रीतेश गंगारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीआर खंडाग्रे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रीराम कथा एवं संत समागम को लेकर बैठक आज

**बैतूल।** श्री हनुमान मंदिर मोती वार्ड की स्थापना के स्वर्ण जयंती में प्रवेश के अवसर पर 26 मार्च से 3 अप्रैल तक महामंडलेश्वर 1008 श्री राघवदास जी महाराज अयोध्या जी धाम के मुखारबिंद एवं वैदिक मंत्रोच्चार से किया जाएगा। साथ ही सनातन सभा के अंतर्गत श्री राम कथा का भव्य आयोजन एवं सियाराम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। आयोजन को लेकर श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर समिति मोती वार्ड के तत्वावधान में बैठक आज शनिवार शाम 7 बजे श्री हनुमार मंदिर में न्यू बैतूल ग्राउंड के सामने मोती वार्ड में बैठक आयोजित की गई है। आयोजकों ने सभी से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### नपा में वेतन देरी पर कर्मचारियों का प्रदर्शन



**बैतूल।** बैतूल नगरपालिका परिषद बैतूल के कर्मचारियों ने शुक्रवार को परिषद की बैठक से पहले वेतन भुगतान में हो रही देरी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अध्यक्ष मदनलाल विनोदकर के नेतृत्व में नगरपालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा और हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। कर्मचारी संघ अध्यक्ष मदनलाल विनोदकर ने बताया कि शासन के नियमानुसार वेतन हर माह की 1 से 5 तारीख के बीच दिया जाना चाहिए। हालांकि, पिछले चार महीनों से कर्मचारियों को 25 से 30 तारीख के बीच वेतन मिल रहा है। इस देरी के कारण कर्मचारियों को बच्चों की स्कूल फीस, बैंक की किश्तें और इलाज जैसे आवश्यक खर्चों को पूरा करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री विनोदकर ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के पास चुंगी क्षतिपूर्ति और अन्य राजस्व मदों से पर्याप्त राशि उपलब्ध है, फिर भी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर कर्मचारियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ और वेतन का भुगतान निर्धारित तिथि पर सुनिश्चित नहीं किया गया, तो कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन को मजबूर होंगे।

---

छोटा पड़ा मंडी परिसर, कोने-कोने में मक्के का ढेर

# मंडी में बंपर आवक, इस साल दो लाख हेक्टेयर में मक्के का उत्पादन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

मौसम की मार और सोयाबीन के घटते उत्पादन की वजह से जिले के किसानों का सोयाबीन के प्रति मोह भंग होते जा रहा है। हालात यह है कि अब किसान सोयाबीन के बजाए मक्का फसल पर ज्यादा भरोसे जता रहे है। यहीं वजह है कि कृषि उपज मंडी में हर साल मक्के की बंपर आवक बनी रहती है।

कई बार मक्के की नीलामी तक रोकनी पड़ती है। अभी इस साल भी खरीफ सीजन में मक्का का जमकर उत्पादन हुआ। जिसके कारण पिछले 3 माह से मंडी में मक्का की बंपर आवक बनी है। प्रतिदिन 25 हजार क्विंटल से अधिक मक्का मंडी में पहुंच रही है। मक्के के अलावा गेहूं और सोयाबीन की भी आवक है। ऐसे में मंडी में व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। शुक्रवार को मंडी में क्विंटल मक्का की आवक रही। मक्का की बंपर आवक के कारण बडोरा रोड पर कई बार जाम के हालात भी निर्मित हुए। बता दे कि किसान ट्रैक्टरों में मक्का लेकर मंडी पहुंच रहे है। मंडी में प्रवेश का समय तय होने से किसान देर रात से ही मंडी में आ रहे है। चूंकि मंडी में आवाजाही के लिए एक ही गेट है, ऐसे में वाहनों के आमने-सामने खड़े होने के कारण जाम की स्थिति भी बनती रहती है।

## प्रतिदिन 25 हजार क्विंटल से अधिक मक्का मंडी में पहुंच रहा

### जनवरी में अब तक 5 लाख से अधिक मक्का की आवक .....

कृषि उपज मंडी में पिछले दो-तीन महीने से मक्का की बंपर आवक बनी हुई है। 1 जनवरी से 29 जनवरी तक कृषि उपज मंडी बडोरा में 5 लाख 10 हजार 468 क्विंटल मक्का की आवक हो चुकी है। जबकि पिछले साल जनवरी के पूरे माह में केवल 3 लाख 38 हजार 936 क्विंटल आवक आई थी। पिछले माह दिसंबर में मक्का की 7 लाख 87 हजार 927 क्विंटल आवक हुई। 2024 में 6 लाख 41 हजार 987 क्विंटल आवक आई। इस बार अधिक आवक आने से मंडी में अव्यवस्था हो गई है। किसानों को उपज डालने के लिए जगह तक नहीं मिल रही है। हालांकि मंडी प्रबंधन किसानों को असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है, लेकिन मंडी में मक्का की अनुमान से अधिक आवक के कारण बार-बार व्यवस्थाएं बिगड़ रही है।

### ए ग्रेड की मंडी में आवक ज्यादा, 15 एकड़ में जगह

बडोरा की ए ग्रेड की मंडी में आवक अधिक आने से मंडी प्रागंण छोटा पड़ गया है। इसके कारण किसानों को जहां जगह मिली, वहीं ढेर लगाना पड़ता है। 15 एकड़ की मंडी में आधे में सब्जी मंडी संचालित की जा रही है। आधे में मक्का, गेहूं, सोयाबीन सहित अन्य उपज रखी जाती है। वहीं आने और जाने के लिए केवल एक गेट है। इसके कारण यहां पर बार-बार जाम के हालात बनते हैं। प्रशासन द्वारा मंडी के लिए दूसरी सडक़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी तक सडक़ का काम शुरु नहीं हुआ। ऐसे में एक ही गेट से किसानों के वाहन और व्यापारियों द्वारा अनाज ले जाने के लिए ट्रकों की आवाजाही हो रही है। इस वजह से मंडी के सामने बार-बार जाम की स्थिति बन रही है।

### 2000 से ऊपर पहुंचे मक्का के दाम

जिले में इस बार किसानों ने सोयाबीन का रकबा कम कर मक्का का रकबा बढ़ाया था। हालांकि शुरू-शुरू में मक्का की आवक अधिक होने से दाम भी कम मिल रहे थे, लेकिन नये साल की शुरूआत के साथ ही मक्के के दामों ने भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। अभी मंडी में मक्का के दाम 2200 से लेकर 2500 रूपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गये है। हालांकि निम्न क्वालिटी की मक्का के दाम कम ही है, लेकिन अच्छी क्वालिटी की मक्का के दाम 2500 रूपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गये है। ऐसे में दाम बढने से मक्का की आवक बढने लगी है। जनवरी माह की शुरूवात में मक्का की औसत आवक 15 से 18 हजार क्विंटल से ऊपर रही है। हालाकि लगातार दाम बढने से अब किसान मक्का बेचने मंडी पहुंचने लगे है।

### आवक बढ़ रही है

मंडी में लगातार मक्का की आवक बढ़ रही है। सिर्फ जनवरी माह में ही 5 लाख 10 हजार क्विंटल से अधिक मक्का मंडी में आ चुकी है। मक्का की अधिक आवक से व्यवस्थाएं थोड़ी बहुत बिगड़ती है, लेकिन हमारा प्रयास रहता है कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

- सुरेश परते, मंडी सचिव, कृषि उपज मंडी

---

# मां ताप्ती के गौरव को मिला डिजिटल मंच



### मूलतापी रील मेकिंग प्रतियोगिता की चयनित रील्स का हुआ प्रदर्शन

### 1 फरवरी को महाआरती के बाद होगा पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

माँ ताप्ती की पावन नगरी मुलताई को सोशल मीडिया के माध्यम से देश-दुनिया में नई पहचान दिलाने और नगर को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रमुखता से स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित मूलतापी रील मेकिंग प्रतियोगिता अब अपने निर्णायक चरण में पहुँच चुकी है। यह अनूठी पहल न केवल युवाओं की रचनात्मकता को मंच देने का माध्यम बनी, बल्कि माँ ताप्ती की आस्था, संस्कृति और नगर की सुंदरता को डिजिटल दुनिया में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का भी सशक्त प्रयास साबित हुई है। यह प्रतियोगिता 15 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित की गई, जिसमें नगरवासियों से माँ ताप्ती, मुलताई की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य को रील्स के माध्यम से प्रस्तुत करने का आह्वान किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 26 कंटेंट क्रिएटर्स ने सहभागिता की, जिनमें से 24 प्रतिभागियों ने निर्धारित समय सीमा में अपनी रील्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपलोड कीं।

## जिला चिकित्सालय में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिला चिकित्सालय परिसर में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ कुष्ठ पखवाड़े के रूप में किया गया। सर्वप्रथम गांधी जी के छायाचित्र पर जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पंवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, गब्बर सिंह चंदेल, विकास मिश्रा एवं पर्वत रावत कोसे ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा हस्ताक्षरित संकल्प और अपील का वाचन जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकगण एवं अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसके बाद श्री कृष्ण कुमार वर्मा के पिता श्री मोहन की स्मृति में जनप्रतिनिधियों द्वारा कुष्ठ पीड़ित मरीजों के उपचाररत होने के बाद शाल, श्रीफल और कंबल देकर सम्मानित किया।

---

## हरिद्वार से पहुंची साध्वी देवादिती बच्चों को दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में महिला अत्याचार एवं यौन उत्पीडन निरोधक समिति द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं योग के संबंध में जानकारी देने हेतु पतंजलि योग समिति के रामदेव महाराज की शिष्या देव अदिति दीदी उपस्थित हुई। उनके साथ में पुष्पांजलि शर्मा एवं महिला योग समिति के अलग-अलग तहसीलों से प्रभारी महिला कार्यकर्ताएं उपस्थित हुई। दीदी के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी योगासन, प्राणायाम के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का समाधान बताया गया। शासकीय महाविद्यालय शाहपुर की प्राचार्य नीतू जायसवाल ने आभार व्यक्त किया गया। कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ ने द्वारा बताए गए स्वास्थ्य लाभ का ज्ञान अर्जन किया। उनके द्वारा गुस्से को काबू करने, डिप्रेशन मानसिक तनाव, लालच, जलन ईशा आदि को मानसिक तनाव का कारण बताया गया। जिसके कारण व्यक्ति गुस्से में आक्रोशित होकर स्वयं के शरीर को भी नुकसान पहुंचता है और अत्यधिक मानसिक तनाव से ग्रसित होता है। अपने गुस्से को काबू में करने एवं शरीर को ऊर्जावान बनाने के लिए तरीके बताए गए। बच्चों को बताया गया कि उनका सबसे ज्यादा प्यार मां-बाप द्वारा ही प्राप्त होता है।

## किसान कल्याण वर्ष-2026 के प्रचार को लेकर निकली भव्य वाहन रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा किसान कल्याण वर्ष -2026 के रूप में मनाने के निर्णय का जिले में प्रचार प्रसार किए जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बैतूल में मोटर साईकल, फोर व्हीलर वाहन रैली निकाली गई। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक आनंद बडोनिया ने बताया कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश्वर (गब्बर) सिंह चंदेल, भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री पर्वत धोटे ने शिवाजी ओपन आडोटोरियम बैतूल से हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली का शुभारंभ किया। वाहन रैली शिवाजी ओपन आडोटोरियम बैतूल से प्रारंभ होकर कोठी बाजार मुख्य बस स्टेण्ड, मुख्य थाना चौक रोड कोठीबाजार, कालेज चौक, रेल्वे स्टेशन रोड, बडोरा चौक, कृषि उपज मंडी बडोरा, गेंदा चौक, डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक होते हुए कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि डॉ. आनंद कुमार बडोनिया एवं सहायक संचालक रामवीर सिंह राजपूत द्वारा जैविक प्रगतिशिल कृषक नरेंद्र पंडोले एवं उत्तम राव चढोकार का स्वागत किया गया। वाहन रैली में प्रगतिशील कृषक, युवा, नवाचारी किसान, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, कृषि आदान विक्रेता आदि रहे मौजूद।

## नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाला फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 16 अगस्त 25 को फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट की थी कि नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कही भगा ले गया है। फरियादिया द्वारा अभिषेक निवासी हथनापुर पर संदेह जाहिर करने पर थाना मुलताई में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान मुखबिर से सूचना एवं सायबर की सहायता से प्रकरण की अपहर्ता को 7 नवंबर 25 को आरोपी अभिषेक पिपरदे के घर ग्राम हथनापुर से दस्तयाब किया गया, वहीं आरोपी पुलिस को चक्मा देकर फरार हो गया। प्रकरण में पीडिता से पूछताछ करने पर अभिषेक पिपरदे द्वारा बहला-फुसलाकर घर से भगाना एवं पीडिता के साथ गलत काम करना बताया। घटना के बाद से आरोपी अभिषेक पिता लखन पिपरदे उम्र 23 साल निवासी ग्राम हथनापुर घटना दिनांक से निरंतर फरार चल रहा था। विवेचना फरार आरोपी की हर संभावित स्थान पर तलाश पतारसी की गई, किन्तु आरोपी की गिरफ्तारी नही हो सकी थी। आरोपी की गिरफ्तारी के के लिए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन व्दारा 5000 हजार रुपये नगद इनाम की घोषणा किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुलताई एसके सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी मुलताई के नेतृत्व में टीम गठित कर गिरफ्तारी के लिए आदेश दिये गये थे। आरोपी अभिषेक पिता लखन पिपरदे उम्र 23 साल निवासी ग्राम हथनापुर दो बार पुलिस से बचकर झाड़ियों एवं अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। 29 जनवरी 26 की दरम्यानी रात्रि को पुलिस को आरोपी अभिषेक पिता लखन पिपरदे उम्र 23 साल निवासी ग्राम हथनापुर के घर पर आने की सूचना पर पुलिस व्दारा टीम बनाकर आरोपी के घर पर चारो तरफ से घेराबंदी कर बमुश्किल गिरफ्तार किया गया। जिसे शुक्रवार न्यायालय पेश किया गया।

---

## आदिवासी अंचल को निजीकरण की प्रयोगशाला बना रही सरकारः निलय विनोद डागा

# मनरेगा में बदलाव के खिलाफ कांग्रेस का जिलेभर में शांतिपूर्ण विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के कानून में किए गए बदलाव के खिलाफ कांग्रेस ने आज निर्णायक तेवर दिखाए। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बैतूल जिले के विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण लेकिन जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। बैतूल ग्रामीण क्षेत्र का मुख्य धरना प्रदर्शन खेड़ी सावलीगढ़ में आयोजित हुआ, जहां कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा शामिल हुए और सरकार की नीतियों को सीधे तौर पर गरीब, मजदूर और आदिवासी विरोधी करार दिया गया। धरना स्थल पर कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून की आत्मा को ही बदल दिया है। जिस योजना को ग्रामीण गरीबों के लिए वैधानिक रोजगार का अधिकार बनाया गया था, उसी अधिकार को अब कागजी औपचारिकताओं और नियमों की जंजीरों में जकड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और सडक़ से सदन तक संघर्ष करेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान बैतूल जिले में प्रस्तावित पीपीपी मोड मेडिकल कॉलेज का भी विरोध किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आदिवासी बहुल जिले में निजी भागीदारी के नाम पर मेडिकल कॉलेज खोलना जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। पीपीपी मॉडल का मतलब साफ है कि इलाज सस्ता नहीं, बल्कि मुनाफे पर आधारित होगा, जिससे गरीब और आदिवासी मरीजों की पहुंच इलाज से और दूर हो जाएगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष का आरोप है कि भाजपा सरकार आदिवासी अंचलों को निजीकरण की प्रयोगशाला बना रही है। जहां सरकारी मेडिकल कॉलेज की सबसे ज्यादा जरूरत है, वहां पीपीपी मॉडल थोपकर स्वास्थ्य सेवाओं को महंगा किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने सवाल किया कि जब सरकार के पास उद्योगपतियों को छूट देने के लिए पैसा है, तो आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए क्यों नहीं। धरना प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि मनरेगा के वैधानिक अधिकार से छेड़छाड़ और पीपीपी मोड मेडिकल कॉलेज जैसे फैसलों के खिलाफ आंदोलन और तेज होगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई राजनीति की नहीं, रोजगार और इलाज जैसे बुनियादी अधिकारों की है, और इसमें किसी भी कीमत पर पीछे हटने का सवाल ही नहीं उठता।

## कांग्रेस का प्रदर्शन, एसआईआर प्रक्रिया व मनरेगा को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मुलताई।** गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कांग्रेस जनों ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इसके पश्चात सभी कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं एवं मनरेगा योजना से जुड़ी समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुलताई को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के कारण मतदाता भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। कई स्थानों पर चुन-चुन कर मतदाताओं के नाम काटने के लिए आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं। इस अवस पर कांग्रेस नेताओं ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संजय यादव, सुमित शिवहरे, लोकेश यादव, प्रहलाद ठाकुर, किशोर सिंह परिहार, रवि खाड़े ,कमल सोनी, जीवन डोंगरदिए, शिव कुमार शामिल है।

खबर संक्षेप

## राष्ट्रकवि को कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



**माखननगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की संयुक्त पुण्यतिथि पर कांग्रेस परिवार द्वारा सर्वप्रथम माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर आजादी के दीवानों को नमन कर इन विभूतियों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत कांग्रेस जनों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना गारंटी अधिनियम का नाम बदलने को लेकर शांति पूर्वक विरोध किया। इसे लेकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला ने कहा गांधी एक राष्ट्रपिता ही नहीं बल्कि एक विचारधारा है जिसे भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व मानता है योजना से उनका नाम तो हटाया जा सकता है लेकिन उनकी विचारधारा शांति अहिंसा भारत नहीं पूरा विश्व मानता है। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, , शेखर राजपूत, शैलू दुबे, अनिल चौरे ने अपने विचार प्रकट किए।

### जिला प्रशासन को भेजा जाएगा संबंधितों पर जुर्माने का प्रस्ताव

# दो सीएससी से मिले खाली व भरे सिलेंडर मामले में होगी कार्रवाई

घरेलू गैस से भरे एलपीजी के 15 भरे तथा सात खाली सिलेंडर बीते दिनों मिले थे। मामले में स्थानीय प्रशासन अब जिला प्रशासन को जुर्माने की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में गत दिनों दो सीएससी सेंटर पर जांच दौरान प्रशासन को एलपीजी के 15 भरे तथा सात खाली सिलेंडर मिले थे। मामले में स्थानीय प्रशासन जिला प्रशासन को जुर्माने की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है।

हरिभूमि प्रतिनिधि ने मामले में गुरुवार को सोहागपुर जेएसओ अमित साहू से चर्चा की। साहू ने बताया कि सोहागपुर शहर में आदर्श भारत गैस एजेंसी शोभापुर के दो सीएससी सेंटर हैं। बीडीए श्रेणी का एक सेंटर लक्ष्मी नारायण मालवीय के नाम से तथा ऊर्जा देवी श्रेणी का एक सेंटर पुष्पा मालवीय के नाम से है। जेएसओ अमित साहू के अनुसार दोनों सेंटर एक ही परिसर में संचालित किया जा रहे हैं, जो कि आपत्तिजनक है तथा नियमानुकूल नहीं है। साहू के अनुसार दोनों सेंटर्स पर 15 भरे सिलेंडर तथा सात खाली सिलेंडर मिले हैं। मामले में शासकीय नियमों के अनुसार व एलपीजी से जुड़े अधिनियमों के अंतर्गत कार्रवाई आगामी समय में किए जाने की जानकारी साहू ने दी है।

### मिली अतिरिक्त गैस

जेएसओ अमित साहू के अनुसार किसी भी एक केंद्र पर नियमानुसार अधिकतम 100 किलो तक एलपीजी गैस रखने की परमीशन जा सकती है। लेकिन इन दोनों केंद्रों पर 213 किलोग्राम गैस पाई गई है। अतिरिक्त गैस मिलने पर एलपीजी भंडारण नियमों तथा विस्फोटक सामग्री अधिनियम के अंतर्गत करवाई की जाएगी। साहू ने बताया कि एक ही परिसर में संचालित दोनों सीएससी सेंटर पर कुल 61 हजार 555 रुपये की सामग्री पाई गई है। जिसमें भरे सिलेंडर्स की गैस सहित कीमत 46 हजार 155 रुपये है। जबकि खाली सिलेंडर्स की कीमत 15 हजार 400 रुपये है। अतः संभव है कि जितनी राशि की सामग्री पाई गए है, उतनी ही राशि के जुर्माने की कार्रवाई संबंधित गैस एजेंसी पर की जा सकती है। उल्लेखनीय है की जांच करवाई के दौरान सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार आरके झरबड़े तथा एसडीओपी संजू चौहान उपस्थित थे।

# कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों की फीस हड़पने वाले बैंक कैशियर को 5 साल की जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गांधी नगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में कॉन्वेंट स्कूल के खाते से करीब 18.61 लाख रुपये की हेराफेरी करने वाले तत्कालीन केशियर योगेश दहाट को न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में कड़ी सजा सुनाई है।

आरोपी ने बच्चों की फीस की राशि बैंक खाते में जमा करने के बजाय स्वयं उपयोग कर ली थी, जिसके बाद बैंक प्रबंधन की शिकायत पर सिटी थाने में मामला दर्ज हुआ था।

### 5 धाराओं में मिली सजा

प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिता खजुरिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी योगेश को पांच अलग-अलग धाराओं में दंडित किया। धारा 467, 471 एवं 409, प्रत्येक धारा में 5-5 वर्ष का कठोर कारावास, धारा 420 एवं 468, प्रत्येक धारा में 3-3 वर्ष का कारावास, न्यायालय ने सभी पांचों धाराओं में कुल 10,000 रुपये, प्रति धारा 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### 14 गवाह और 96 दस्तावेजों ने साबित किया दोष

इस हाई-प्रोफाइल मामले में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक भूरेसिंह भदौरिया ने प्रभावी पैरवी की। उन्होंने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में 14 ठोस गवाह और 96 से अधिक दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए। इन मजबूत साक्ष्यों के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि आरोपी ने कूटरचना करते हुए बैंक और स्कूल के साथ धोखाधड़ी की थी।

### जेल भेजा गया आरोपी

वर्ष 2021 और 2022 के दौरान हुए इस गबन कांड में फैसला आने के तुरंत बाद न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष की इस सटीक पैरवी और न्यायालय के सख्त फैसले की शहर में चर्चा है।

## पचमढ़ी में नशा मुक्त संकल्प दिवस



**पचमढ़ी।** साडा पचमढ़ी द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर मध्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यालय के समस्त स्टाफ, वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, गाइड और ड्राइवरों को मादक पदार्थों और मदिरापान से दूर रहने के लिए संकल्प दिलाया गया। सभी ने संकल्प पत्र भी भरे। इस पहल से पचमढ़ी में नशामुक्त वातावरण बनाने का उद्देश्य रखा गया। कार्यक्रम में साडा के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आदिवासी बच्चों को वितरित किए ऊनी वस्त्र

**सोहागपुर।** गत दिनों रामकृष्ण विवेकानंद वेदान्त समिति नर्मदापुरम द्वारा शीतकालीन राहत कार्य के अंतर्गत सोहागपुर एवं पिपरिया ब्लॉक से लगे आदिवासी एवं पिछड़े ग्रामों बोरी एवं रिछेड़ा में दो शासकीय प्राथमिक शालाओं के 106 बच्चों को स्वेटर, मोजे एवं पेंसिल बॉक्स वितरित किए हैं। वेदांत समिति सदस्यों द्वारा बोरी प्राथमिक शाला की स्वच्छता एवं प्राकृतिक सुंदरता तथा व्यवस्था की सराहना की गई।

# सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाने कांग्रेसियों ने दी बापू को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज स्थानीय गांधी चौक पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा देश की आजादी के लिए किए गए संघर्षों को याद किया।

### जन आंदोलनों और वैचारिक शक्ति पर चर्चा

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए विभिन्न जन आंदोलनों और उनके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बापू ने न केवल देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराया, बल्कि पूरी दुनिया को 'सत्य और अहिंसा' के रूप में एक ऐसा अस्त्र दिया, जिससे बड़े से बड़े साम्राज्य को झुकाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों से बापू के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर सुनील शुक्ला, नगर कांग्रेस अध्यक्षहुजैफा बोहरा, पूर्व उपाध्यक्ष, छावनी परिषद युनुस अंसारी, विजय तिवारी, शंकर लाल खटीक परमेंद्र गायकवाड, वीरेंद्र यादव, शिवम जायसवाल एजाज टेलर, जगदीश पहलवान, सोमनाथ श्रीवास, सिराज भाई, एजाज खान एवं अन्य गणमान्य कांग्रेसी कार्यकर्ता। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# एबीवीपी ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



अभाविप की माखन नगर इकाई ने महापुरुष गौरव यात्रा का आयोजन किया। इसी दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है एवं राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की भी पुण्यतिथि है शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम दादा माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर स्मरण किया। प्रतिमा स्थल से तिरंगा रैली जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं की परीक्षा निकट होने के बाद भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मौखिक आदेश से स्कूली छात्र-छात्राओं के शामिल होने को कहा गया छात्र-छात्राएं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई रेली निकाली जो मुख्य मार्गो से होकर मॉडल स्कूल पहुंची जहां मंच से विद्यार्थी परिषद के नेताओं एवं अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किये। मंच पर एक बैनर लगा हुआ था। जिसमें पंडित माखनलाल चतुर्वेदी एवं स्वामी विवेकानंद जी का फोटो लगा हुआ था महात्मा गांधी का ना तो मंच पर कहीं कोई फोटो था ना वक्ताओं ने उनके नाम का उल्लेख किया इस संबंध में विभाग संयोजक मृदुल चौहान से बात की तो उन्होंने बताया तिरंगा यात्रा का राष्ट्रीय शहीद दिवस के अवसर पर यह आयोजन किया गया है जिले में अन्य जगह भी यह कार्यक्रम हुए हैं और होंगे देश के सभी शहीदों का स्मरण किया गया है।

# नए आयकर अधिनियम, 2025 पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शुक्रवार को प्लैटिनम रिसोर्ट एंड गार्डन में नए आयकर अधिनियम, 2025 पर आधारित आयकर जागरूकता एवं संवाद आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर आयकर आयुक्त शशिकांत कुशवाह ने की और कार्यक्रम का संचालन आयकर विभाग, भोपाल परिक्षेत्र-1 के दिशा-निर्देशों में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य करदाताओं एवं व्यवसायिक वर्ग को नए आयकर अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं, सरल अनुपालन प्रक्रियाओं और उसके व्यवहारिक पहलुओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में आयकर अधिकारियों के साथ-साथ कर सलाहकार संघ, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन, चैंबर ऑफ कॉमर्स और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के लगभग 50 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता देवेन्द्र गर्ग, आयकर अधिकारी, बैतूल ने नए अधिनियम के उद्देश्यों और प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयकर अधिनियम, 2025 करदाताओं के लिए सरल और हितैषी कर व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे अपने परिचित करदाताओं को नए अधिनियम से अवगत कराएं और जागरूकता फैलाने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान करदाताओं द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों का भी समाधान किया गया। आयकर कार्यालय इटारसी के सनी धारीवाल, योगेंद्र जैन और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष सोनी ने किया।

# सामाजिक जस प्रतियोगिता का किया गया समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोरा में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अहिरवार समाज द्वारा सामाजिक जस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता समापन पर प्रथम पुरस्कार 11 हजार श्री हरिकृष्ण जस मण्डल उदयपुरा, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार 1 श्री सरगम जस मंडल कनबार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार 1 श्री सरस्वती आराधना मण्डल समौन,चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार 1 श्री ओम शक्ति जस मंडल गोपालपुर,पंचम पुरस्कार 2 हजार 1 श्री सतनाम जसमंडल सन्ना आरी को दिया गये । प्रतियोगिता समापन पर मुख्य अतिथि सांची विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी रहे वहीं बुधनी विधानसभा के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, गयाप्रसाद अहिरवार, कुंवर सिंह यादव, उमेश यादव जिला पंचायत सदस्य , मोहन गोलियां, दिनेश चौधरी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल, राम मोहन अहिरवार, शांति अशोक पटेल सरपंच, राजेश गोलियां, संदीप गोलियां उपस्थित रहे।

# एडवोकेट रमेश ने तैयार की देश में पहली 1515 साहू समाज अधिवक्ता डायरेक्टरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के वरिष्ठ अभिभाषक एवं अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रमेश के. साहू ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उनके कठिन परिश्रम से मध्यप्रदेश के साहू समाज के वकीलों की जानकारी पर आधारित संदर्भ मध्यप्रदेश एडवोकेट डायरेक्टरी 2025-26 तैयार हो गई है। 1515 अधिवक्ताओं के विवरण वाली यह डायरेक्टरी देश में किसी भी समाज द्वारा तैयार किया गया अपनी तरह का पहला दस्तावेज है।

### गुवाहाटी में होगा भव्य विमोचन

इस बहुप्रतीक्षित अधिवक्ता निर्देशिका का विमोचन असम के गुवाहाटी में आयोजित एक गरिमामय समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इटारसी के लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि यहां के स्थानीय निवासी ने राष्ट्रीय स्तर पर समाज को विधिक रूप से एकजुट करने का बीड़ा उठाया।

### क्यों खास है यह डायरेक्टरी?

1515 अधिवक्ताओं का संकलन : इसमें मध्यप्रदेश के कोने-कोने में कार्यरत समाज के वकीलों की पूरी जानकारी दी गई है।

**विधिक सहायता सुलभ होगी :** इस बुकलेट के माध्यम से आम सामाजिक बंधु संकट के समय अपने ही समाज के अधिवक्ताओं से संपर्क कर कानूनी मदद ले सकेंगे।

**रिकॉर्ड समय में कार्य पूर्ण :** राष्ट्रीय संगठन द्वारा रमेश साहू को विधि एवं एडवोकेट प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी बनाते समय यह लक्ष्य दिया गया था, जिसे उन्होंने बहुत ही कम समय में पूरा कर दिखाया। इस उपलब्धि पर देश की प्रमुख हस्तियों ने हर्ष व्यक्त किया है। पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल एव सांसद विवेक कृष्ण तनख़ा, राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता, और नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने इसे सामाजिक चेतना की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया है।

इस डायरेक्टरी के प्रकाशन में हाई कोर्ट जबलपुर के अधिवक्ता सुबोध कठर एवं ऐश्वर्य पार्थ साहू का विशेष तकनीकी सहयोग रहा। इटारसी सहित पूरे प्रदेश के सामाजिक संगठनों और पदाधिकारियों बटन लाल साहू, डॉ. हेमराज साहू, आभा साहू आदि ने रमेश साहू के प्रति आभार जताते हुए इसे सामाजिक समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है।

## अवैध वसूली की शिकायत पर कार्रवाई

**इटारसी।** शहर में स्टांप वेंडरों द्वारा की जा रही कथित अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। शुक्रवार को उप पंजीयक कार्यालय में स्टांप वेंडरों के विक्रय रजिस्टरों और दस्तावेजों की सघन जांच शुरू की गई। इटारसी तहसील के समस्त अधिवक्ताओं ने उप पंजीयक को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपा था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शासन द्वारा अधिकृत स्टांप वेंडर 200, 500 और 1000 रुपये के स्टांप पर 40 से 50 रुपये तक का अतिरिक्त शुल्क वसूल रहे हैं। इस मनमानी के कारण पढ़ाई करने वाले गरीब और विकलांग छात्र-छात्राओं को शपथ पत्र बनवाने में भारी आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत मिलते ही उप पंजीयक संजय चौखे ने कार्रवाई करते हुए सभी सर्विस प्रोवाइडर के दस्तावेजों की जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान जिन वेंडरों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नशे के दुष्प्रभाव के समझाने जागरुकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद इटारसी में मद्य निषेध संकल्प दिवस एवं मौन धारण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को नशा मुक्त बनाने और नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। नगर पालिका कार्यालय में सुबह ठीक 11 बजे सायरन बजाया गया, जिसके पश्चात सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण किया।

मौन के उपरांत उपस्थित जनों को नशीले पदार्थों से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने इस अवसर पर कर्मचारियों और नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा मद्यपान केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को सामाजिक, शारीरिक और मानसिक रूप से नष्ट कर देता है। मेहरा ने लोगों को नशा छोडऩे के लिए प्रेरित किया और संकल्प पत्र भरवाए।

### विविध गतिविधियां

आयोजन के दौरान जागरूकता संबंधी अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गईं। संकल्प पत्रों के माध्यम से कर्मचारियों ने नशा मुक्ति के अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का वादा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के खिलाफ एक सशक्त वातावरण तैयार करना रहा।

### विधायक डॉ. शर्मा ने कहा-गांधीजी के विचारों पर आज पूरा देश चल रहा...

# बापू की पुण्यतिथि पर इटारसी की 'सेवा' का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सेठ लखमीचंद गोठी धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा स्थापित बापू प्रवास स्मृति कक्ष में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निःस्वार्थ सेवा देने वाले समाजसेवियों का भव्य सम्मान किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।मनीष ठाकुर, मुस्कान बालिका गृह, रमेश चाण्डक, श्रीजी गौशाला, गोपाल सिद्धवानी, अनजान शवों के दाह संस्कार में सहयोग), सिस्टर क्लारा, जीवोदय – लावारिस लड़कियों का पुनर्वास, सज्जन लोहिया, स्वर धाम संस्था-भजन एवं बांसुरी वादन, गौ सेवा टीम इटारसी, गौ सेवा हेतु संजय मिहानी, स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग, विशिष्ट सेवा हेतु, डॉ. केएल जैसवानी, मनोज सारन, डॉ. धीरज पाठक, प्रभा छोटू धारगा और प्रहलाद बंग। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, विशेष अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, संयोजक सुधीर गोठी, गोठी धर्मशाला ट्रस्ट, नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे, उद्योगपति सतीश सांवरिया, दिनेश गोठी, हेमंत शुक्ला, और जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग से जयकिशोर चौधरी, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, डॉ. कश्मीर सिंह उप्पल, ज्ञानेंद्र पांडे, विनोद सीरिया, कमल दर्डा, केके सोनी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिहानी, किसान नेता विजय बाबू चौधरी, जसबीर छाबड़ा, राजकुमार दुबे और अशोक जैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### अतिथियों के विचार

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि गांधी जी के विचारों पर आज पूरा देश चल रहा है और उनका जीवन पूरी तरह राष्ट्र को समर्पित था। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने बापू के स्वच्छता के सपने को पूरा करने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक सुधीर गोठी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा बापू के साहित्य और विचारों को स्मृति कक्ष में संजोकर रखा गया है ताकि समाज प्रेरित हो सके।

# आरटीओ ने किया निरीक्षण, 1 फरवरी से नए बस स्टैंड से होगा बसों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार शाम आरटीओ रिंकू शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम नीलेश शर्मा, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र, सीएमओ रितु मेहरा और उपयंत्री आदित्य पांडे के साथ पुरानी इटारसी स्थित छत्रपति शिवाजी बस स्टैंड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आरटीओ ने स्पष्ट किया कि 1 फरवरी से बसों का संचालन अनिवार्य रूप से इसी स्टैंड से प्रारंभ हो जाएगा। आरटीओ रिंकू शर्मा ने बस संचालकों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि रूट का कड़ाई से पालन करें, अब बसें बाजार क्षेत्र में मौजूद पुराने बस स्टैंड पर नहीं जाएंगी, ओवरब्रिज पर बसों का स्टॉपेज पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती दिनों में आरटीओ का स्टाफ मौके पर तैनात रहेगा ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### विधायक के निर्देशों पर अमल

यह निर्णय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा 27 जनवरी को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद लिया गया है। विधायक ने स्पष्ट किया था कि जनहित में 1 फरवरी से नए बस स्टैंड का संचालन शुरू किया जाना है। आरटीओ का कहना है कि संचालन के दौरान आने वाली छोटी-मोटी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### शहीदों की स्मृति में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी

**हरदा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को सुबह 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में मौन धारण कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया व एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दल ने घर पहुंचकर दी व्हीलचेयर



**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अंतर्गत संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा द्वारा दिव्यांगजनों की सहायता के लिए घर पहुंच सेवा का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को हरदा के वार्ड नंबर 29 की निवासी साहिबा खान पिता सफीक खान को दस्तावेजों के परीक्षण उपरान्त उनके निवास पर ही व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के प्रशासनिक अधिकारी, साइकोलॉजिस्ट, पीएण्ड ओ टेक्निशियन, वोकेशनल काउंसलर एवं विशेष शिक्षक उपस्थित रहे।

### एमडी के साथ एक युवक गिरफ्तार

**हरदा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शहर के इंदौर रोड पर एक निजी कॉलेज के भैरव बाबा मंदिर के पास की गई। आरोपी के कब्जे से लगभग 10 ग्राम एमडी जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। सिविल लाइन थाना टीआई आरएस तिवारी ने बताया कि गुरुवार रात को पुलिस को सूचना मिली थी। जानकारी के अनुसार, एक युवक रात के अंधेरे में भैरव बाबा मंदिर के पास खड़ा था और एमडी बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सूचना मिलने के बाद एएसआई संजय ठाकुर, प्रधान आरक्षक करण साहू और आरक्षक वीरेंद्र राजपूत की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम झालवा निवासी हेमंत सेन नामक आरोपी से पूछताछ की और उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 ग्राम एमडी के अलावा एक कार और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह एमडी बेचने के लिए हरदा आया था और उसने यह ड्रग्स हंडिया के पास के एक गांव से खरीदी थी। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी एमडी कहां से लाया था और वह कब से इस अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है। आरोपी हेमंत सेन को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### जिले में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ पीड़ति व्यक्तियों के प्रति समुदाय में व्याप्त भ्रांतियो एवं भेदभाव को समाप्त करना और जागरूकता लाना है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा इस अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय एवं ब्लॉक समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष कलेक्टर बालागुरू के. हैं तथा ब्लॉक स्तरीय समितियों का अध्यक्ष संबंधित एसडीएम को बनाया गया है। इसके अलावा अन्य संबंधित अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है।

## जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारी कर्मचारियों को दिए निर्देश

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अंजली जोसेफ ने शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं, विशेष रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों, तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों की विस्तृत एवं बिंदुवार समीक्षा की गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जोसेफ ने समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप एक सप्ताह के भीतर सौंपे गए लक्ष्यों के अनुसार प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, विलंब अथवा उदासीनता को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आगामी समीक्षा बैठक में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाएंगे। इसके उपरांत भी सुधार नहीं होने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

समीक्षा बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारीगण, सहायक यंत्री, उप यंत्री, बीडीओ, पीसीओ, ब्लॉक समन्वयक सहित जिला पंचायत कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं जनहितैशी क्रियान्वयन के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को योजनाओं का पूर्ण लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### जिला पंचायत सीईओ ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसफ ने शुक्रवार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ज़लि की ग्राम पंचायत खेड़नीमा, नयापुरा जनपद पंचायत हरदा में ह्लएक बगिया माँ के नामह्व परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होने स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु डीपीएम, एसआरएलएम हेतु निर्देशित किया। उन्होने ग्राम पंचायत खेड़नीमा में जलगंगा अभियान के तहत निर्मित स्टाप डैम व अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। साथ ही पंचायत में संधारित हो रहे अभिलेखों का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा श्री विश्वजीत पाटीदार, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर को बे-हाल मिली आंगनबाड़ी

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का वेतन काटने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के गुरूवार को ग्राम सोडलपुर में आंगनबाड़ियों के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक अव्यवस्थित हालत में मिला। कच्चे मकान में संचालित आंगनबाड़ी में न तो प्रकाश व्यवस्था थी, न ही कोई सूचना पटल प्रदर्शित किये गये थे। केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति भी कम थी। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद नहीं थी। उपरोक्त व्यवस्था को कलेक्टर जैन ने गंभीरता से लेते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र पर तमाम आवश्यक सुविधाएं तत्काल मुहैया कराने के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस लापरवाही पर उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का वेतन काटने एवं विभागीय परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होने यहां आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं देखीं। यहां कलेक्टर ने पोषणाहार वितरण, टीकाकरण जैसे कार्यों की नियमितता की भी पड़ताल की। अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने टिमरनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध उपचार सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होने यहां एनआरसी में भर्ती बच्चों को उपलब्ध सुविधाएं भी देखीं। साथ ही भर्ती बच्चों की विभागीय एप पर एंट्री करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टिमरनी में उत्कृष्ट बालक छात्रावास, सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास एवं महाविद्यालयीन आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण कर वहां निवासरत विद्यार्थियों के रहने, भोजन एवं अध्ययन व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही छात्रावासों में गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्ध कराने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ग्राम सोडलपुर में शासकीय टोडरमल पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट कक्षाओं का निरीक्षण किया। बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे परिणाम लाने के लिये अध्यापन में मेहनत करने के शिक्षकों को निर्देश दिये।

# पुलिस ने हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को टिमरनी थाना पुलिस ने हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। थाना प्रभारी मुकेश गोंड़ ने बताया कि यह पहल सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत की गई। ग्राम छिदगांव मेल में गंजाल नदी के पास स्टापर लगाकर कैमरे की मदद से वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान हेलमेट पहने चालकों को फूलमालाएं पहनाई गईं। वहीं, बिना हेलमेट के वाहन चला रहे चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें 'राहवीर योजना' के बारे में भी बताया गया और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। टीआई गोंड़ ने बताया कि नए साल के जनवरी माह में जिले में लगभग 30 सड़क हादसे हुए, जिनमें करीब 15 लोगों की जान चली गई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिना हेलमेट और शराब के नशे में वाहन न चलाएं।

## विश्व कुष्ठरोग दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

# रोगी से न करें भेदभाव, कुष्ठ रोग के बारे में हों जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।




शुक्रवार को विश्व कुष्ठरोग दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, विकास नगर, हरदा में कुष्ठ रोग के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा चंद्रशेखर राठौर ने उपस्थित जनों को कुष्ठ रोग की बीमारी तथा इस रोग के लक्षण, कारण एवं बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। श्री राठौर ने बताया कि विश्व कुष्ठरोग दिवस हर साल 30 जनवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता फैलाना, इससे जुड़े मिथ्यों को दूर करना तथा प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति दिखाना है। साथ ही यह भी बताया गया कि कुष्ठ रोग की बीमारी छूआछुत से नहीं फैलती अपितु यह एक माइकोबैक्टिरियम लैपी नामक एक विशेष प्रकार के बैक्टीरिया के कारण होने वाला एक दीर्घकालीक संक्रामक रोग है, जो मनुष्यों के तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है, यह रोग मुख्य रूप से हाथों, पैरों और चेहरे को प्रभावित करता है। इस बीमारी का पूर्ण इलाज मल्टी ड्रग थैरेपी के माध्यम से संभव है, जो सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मूफ्त में उपलब्ध है। साथ ही कुष्ठ रोग से जुड़े विविध तथ्यों से लोगों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने विश्व कुष्ठ रोग दिवस को मनाये जाने के महत्व के बारे में बताया तथा इससे प्रभावित रोगियों के लिए शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि रोगी किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ ले सकता है। साथ सही नालसा/सालसा की विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं नालसा लैंगिक हमलों, अन्य अपराधों की पीड़िताओं अथवा सर्वाईवर्स के लिए प्रतिकर योजना 2018, गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवा योजना, 2015, नालसा-असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 के बारे में जानकारी दी तथा बताया गया कि वे किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## सोने के मृग का छल

# साधु का भेष धर रावण ने किया माता सीता का हरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

शशि रामलीला मंडल झाड़बीड़ा ने छठवें दिवस में त्रेता युग की उस दुर्लभ लीला का दर्शन कराया। जिसमें रावण ने भगवान के हाथों अपनी मुक्ति के लिए माता सीता का हरण किया और उन्हें लंका ले गया। भव्य रूप से सजाए गए रावण दरबार में रावण का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ। रावण दरबार में जब उसकी बहन सूर्पणखा ने अपने साथ घटित घटना की जानकारी देते हुए बताया कि लक्ष्मण ने मेरी नाक काटी है और वह खर दूषण के पास गई और उनको अपनी आपबीती बताती है।

यह सुनकर खर दूषण क्रोधित हो जाते हैं और अपनी सेना के साथ भगवान राम और लक्ष्मण के साथ भयंकर युद्ध करते हैं, जिसमें भगवान श्री राम ने खर-दूषण को मारकर अपने परमधाम पहुंचा देते हैं। बलवान भाइयों की मौत पर रावण क्रोधित हो जाता है और अपने मामा मारीच के पास पहुंचता है। उसे सीता हरण के लिए तैयार करता है लेकिन मारीच इसके लिए तैयार नहीं होता है। मारीच रावण को समझाते हुए कहता है प्रभु श्री राम साधारण बनवासी नहीं है। वह भगवान विष्णु के अवतार हैं इसलिए हे रावण उनसे बैर मत ले लेकिन रावण मारीच की बात नहीं मानता है और मारीच से कहता है। अगर सीता के हरण के लिए वह तैयार नहीं हुआ तो वह उसका वध कर देगा। रावण के डर से मारीच सोने का हिरण बनकर चित्रकूट पर चला जाता है वहां सोने की हिरण को देखकर माता सीता उस पर मोहित हो जाती है। और भगवान राम से कहती हैं हे प्रभु मुझे वह हिरण बहुत अच्छा लग रहा है मुझे वह हिरण चाहिए।

माता सीता की बात सुनकर श्री राम अपना धनुष लेकर उस सोने के हिरण के पीछे चले जाते हैं हिरन उनको लेकर काफी दूर निकल जाता है । तभी रामायण कपटी साधु का भेष धरकर माता सीता का हरण कर आकाश मार्ग से ले जाता है। इसी बीच रास्ते में जटायु से उसका युद्ध होता है माता सीता को बचाने के लिए जटायु अपनी जान लगा देता है। रावण द्वारा तलवार से जटायु के पंख काटे जाने पर जटायु पृथ्वी पर गिर जाता रावण द्वारा जटायु के पंख काटने का मार्मिक दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो जाते हैं।

# पशुपालन एवं पशु कल्याण माह में संगोष्ठी, संवाद व टीकाकरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरदा द्वारा एक माह तक पशुपालन एवं पशु कल्याण माह मनाया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि इस अवसर पर शुक्रवार को उपसंचालक पशु चिकित्सा कार्यालय में पशुपालक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना, मुख्यमंत्री डेरी प्लस योजना और अन्य विभागीय योजनाओं के 95 हितग्राही सम्मिलित हुए। संगोष्ठी में पशुपालकों ने अपने अनुभव साझा किए और पशुपालन व्यवसाय को लाभ का धंधा बनाने पर चर्चा की। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री पशुपालन पत्रोंपाधि महाविद्यालय के 130 छात्रों के साथ युवा संवाद किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को पशुपालन में करियर बनाने पर मार्गदर्शन दिया गया। छात्रों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु कल्याण से संबंधित जानकारी भी दी गई। इसके अलावा बहुउद्देशीय जिला पशु चिकित्सालय हरदा में निःशुल्क एंटी रेबीज वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 75 श्वान (कुत्तों) को प्रतिबंधात्मक एंटी रेबीज वैक्सीन लगाए गए।

# किसान कल्याण वर्ष के तहत किसानों की बाइक रैली संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में किसानों की बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली कृषि उपज मंडी हरदा से प्रारंभ हुई। बाइक रैली को जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोद, सभापति कृषि स्थाई समिति ललित पटेल, उप संचालक कृषि जवाहरलाल कास्दे, उप संचालक पशुपालन योगेश रामटेके, उप परियोजना संचालक (आत्मा) अखिलेश पटेल, सहायक कृषि यंत्री प्रीति चौधरी, सचिव कृषि उपज मंडी समिति हरनारायण भिलाला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली हरदा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई कृषि उपज मंडी हरदा में सम्पन्न हुई।

## श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में चल रही कथा

# श्रीमद भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार: पुरोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भागवत कथा सुनने मात्र से श्रद्धालु के मन में प्रभु के प्रति आस्था पैदा होने लगती है। कथा नियमित सुनने वाले श्रद्धालु प्रभु के प्रिय हो जाते हैं। जीवन में सत्य और सद्कर्म का काफी महत्व है। श्रीमद्भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार है। उक्त विचार शहर के छावनी स्थित नगर पालिका के समीपस्थ श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन जगत गुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहे। उन्होंने कहाकि हमारे अज्ञान और अंधकार को दूर करने के लिए भगवान के नाम का जाप जरूरी है। भागवत कथा हमारे अंधकार को दूर कर प्रकाशमय करती है। हम भागवत कथा का श्रवण कर अपने मन को स्वर्ण बनाए। आध्यात्म की तरफ चलेंगे तो परमात्मा की प्राप्ति होगी। क्योंकि परमात्मा हमारे मन में विराजित है। उन्होंने कहा कि भाग्य वाले ही भागवत कथा का श्रवण कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि गोकर्ण ने भी अपने पिता आत्मदेव को श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उपदेश दिया था। राजा परीक्षित के बारे में विस्तार बताया, राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म, कपिल संवाद का प्रसंग सुनाया।

शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, पास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो मुझे प्यास लगी है, लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए। उसने पास में से एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया।